इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज -211002, उ0प्र0 (भारत)
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
PRAYAGRAJ -211002, U.P. (INDIA)

पत्रांक : 05/R/446/2026
दिनांक : 06.05.2026

अधिसूचना

सतत विकास लक्ष्यों के साथ विश्वविद्यालयों की अनुसंधान और आउटरीच गतिविधियों को जोड़ने के सरकार के अधिदेश के अनुपालन में, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समस्त विभाग और केंद्रों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित विवरण तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें:

1. उपर्युक्त अधिदेश के अनुरूप शोध विषयों की सूची।
2. शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के दौरान गांवों में किए गए आउटरीच और अन्य गतिविधियों का विवरण।
3. शैक्षणिक सत्र 2026-2027 हेतु अनुसंधान परियोजनाओं, शोध विषय और आउटरीच गतिविधियों से केन्द्रित प्रस्तावित प्रारूप/रूपरेखा।

उपर्युक्त सूचना इस अधिसूचना के निर्गत होने की तिथि से दस (10) दिन के अंदर संबंधित संकाय अधिष्ठाता/संस्थान निदेशक के माध्यम से माननीय कुलपति महोदया के कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. समस्त अधिष्ठाता (कला/विधि/वाणिज्य/विज्ञान/महाविद्यालय विकास/शोध एवं विकास/छात्र कल्याण), इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
2. समस्त विभागाध्यक्ष /निदेशक /समन्वयक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
4. जनसंपर्क अधिकारी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
5. अध्यक्ष आई.सी.टी.प्रकोष्ठ, इलाहाबाद विश्वविद्यालय –विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
6. माननीय कुलपति महोदया के सचिव को माननीय कुलपति महोदया के सूचनार्थ।

कुलसचिव